# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-1

15 फाल्गुन, 1933 (श०)
सोमवार, तिथि ————————
05 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या--70

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) गृह विभाग | .. | .. | 28 |
| (2) कारा विभाग | .. | .. | 02 |
| (3) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) उद्योग विभाग | .. | .. | 06 |
| (5) वित्त विभाग | .. | .. | 06 |
| (6) सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 04 |
| (7) गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 08 |
| (8) निर्वाचन विभाग | .. | .. | 01 |
| (9) सांख्यिक वित्त विभाग | .. | .. | 05 |
| (10) सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग | .. | .. | 02 |
| (11) मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | .. | .. | 03 |
| | | कुल योग | 70 |

बकाए का भुगतान

*737. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के रैयाम चीनी मिल को तिरहुत इन्डस्ट्रीज लि०, नई दिल्ली को नौ करोड़ सतासी लाख रु० लीज पर दिया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि लीजकर्त्ता द्वारा नौ करोड़ सतासी लाख रुपया रैयाम चीनी मिल के मजदूर के बकाया भुगतान हेतु जिला पदाधिकारी, दरभंगा के पास 2 जून, 2009 को जमा किया गया, परन्तु आजतक 622 मजदूरों को बकाया का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि मजदूरों के भुगतान नहीं होने से इलाज के अभाव में 20 (बीस) मजदूरों की मृत्यु हो गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मजदूरों को बकाए का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उद्योग स्थापित करना

*738. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला कृषि प्रधान जिला है, जहां कृषि आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार अररिया में मकई, गेहूं, धान, आलू टमाटर, फुलगोभी, मिर्च, हल्दी, आम, नींबू, केला, दुग्ध आदि पर आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*739. श्री श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुपा प्रखण्ड अति उग्रवादित क्षेत्र में थाना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस कारण पुलिस असुरक्षित रहते हैं, यदि हां, तो सरकार टनकुपा में थाना भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

वाहन की व्यवस्था

*740. श्री राम सेवक हजारी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर थाना, चकमेहसी थाना, पूसा थाना का भवन एवं मोटर वाहन काफी पुराना एवं जर्जर अवस्था में है, जिससे पुलिस बल को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो सरकार उक्त थाने को नये भवन एवं नये वाहन की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*741. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर थाना में अवर निरीक्षक नहीं रहने के कारण वहां के 20 पंचायतों की विधि व्यवस्था रखने में प्रशासन को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त थाना में अवर निरीक्षक का पदस्थापन करने का विचार कबतक रखती है, नहीं तो क्यों ?

----------

राशि उपलब्ध कराना

*742. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ईखायुक्त बिहार, पटना द्वारा अपने पत्रांक 747, दिनांक 9 जून, 2004 द्वारा गोपालगंज जिला पदाधिकारी से बिहार ईख आपूर्ति एवं खरीद का विनियमन अधिनियम, 1981 की धारा 49 की उप-धारा 8 के अन्तर्गत विकास, संबंधित योजनाओं के प्रस्ताव की मांग की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला पदाधिकारी द्वारा अपने पत्रांक 96, दिनांक 24 अप्रील, 2005 द्वारा ईख क्षेत्र के विकास हेतु दिनांक 20 जुलाई, 2004 को योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति के साथ जो कुल राशि 16,06,79,590 रु० भेजी गई;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा भेजी गई तथा योजनाओं की अबतक स्वीकृति नहीं दी गई;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक योजना की स्वीकृति तथा राशि उपलब्ध नहीं कराने का औचित्य क्या है ?

---------

कार्रवाई करना

*743. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के डोइला एवं तरैया प्रखण्ड के उसड़ी-चांदपुरा तथा पानापुर प्रखण्ड के सतजोड़ा में पैक्स जन-वितरण प्रणाली दुकान, रिटायर कर्मचारी, किसान एवं मजदूरों एवं व्यावसायियों को बैंकिंग कारोबार में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर बैंक शाखा खोलने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*744. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी अनुमंडलीय मुख्यालय में सूचना भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार शेरघाटी अनुमंडलीय मुख्यालय में सूचना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*745. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर स्थित सहायक थाना अस्थायी रूप से राजस्व कचहरी की भूमि पर चल रहा है तथा इससे सटे इन्दिरा गांधी पुस्तकालय के परिसर भी अतिक्रमित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सहायक थाना का अपना भवन नहीं रहने के कारण पुलिस कर्मियों का दायित्व निर्वहन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार सहायक थाना का भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

लक्ष्य शत-प्रतिशत करना

*746. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 19 नवम्बर, 2011 को प्रकाशित ''गांवों में खोले जायेंगे बैंकिंग आउटलेट'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में राज्यस्तरीय बैंकर्स कमिटी ने बैंकिंग सुविधा से वंचित दो हजार से ज्यादा आबादी वाले 9213 गांवों की पहचान की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि 9213 गांवों के बैंकिंग सुविधा के लक्ष्य के विरुद्ध सितम्बर, 2011 तक 3856 गांवों को यह सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, वह लक्ष्य का 41.85 प्रतिशत है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लक्ष्य शत-प्रतिशत करने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ओ०पी० खोलना

*747. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के शंकर लोहार चौक, बिरौल प्रखंड के जगन्नापुर चौक, परड़ी चौक एवं मनी गाछी प्रखंड के वाजितपुर बाजार में पुलिस ओ०पी० नहीं रहने के कारण विधि व्यवस्था की स्थिति तथा स्थानीय लोगों में असुरक्षा की स्थिति बनी रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों से वर्तमान थाना बहेड़ी एवं बिरौल है, जिसकी दूरी 15 कि०मी० से अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पुलिस ओ०पी० खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बैंक खोलना

*748. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत भारत-नेपाल सीमा एवं घोड़ासहन प्रखंडों का फुलवरिया, भगवानपुर, गहई, मेसौढ़ा, जमुनिया, अमवा, समनपुर, चम्पापुर, बरवा गांव में बैंकों की अधिक दूरी पर अवस्थित रहने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जनहित में उपर्युक्त ग्रामों में बैंक खोलवाने का विचार कबतक रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास का निर्माण

*749. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया, रामगढ़ एवं हलसी प्रखंडों में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए कोई छात्रावास नहीं, है;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रावास नहीं रहने के कारण वहां के छात्रों को लम्बी दूरी तय कर विद्यालय एवं महाविद्यालय आना-जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों हेतु छात्रावास का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बैरक का निर्माण

*750. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी थाना में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवास एवं बैरक का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि आवास नहीं रहने के कारण थाना में पदस्थापित पुलिस कर्मियों को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बहेड़ी थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के लिये आवास तथा बैरक का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

उपादान देना

*751. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि षष्टम वेतन पुनरीक्षण आयोग की अनुशंसा के आलोक में सरकार द्वारा राघवन की अध्यक्षता में वेतन विसंगती निराकरण समिति का गठन किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि राघवन समिति द्वारा 1 जनवरी, 2006 के बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को 1 अप्रील, 2007 से उपादान (ग्रेच्यूटी) अधिकतम 10 लाख तक देने की अनुशंसा की थी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार 1 जनवरी, 2006 के बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को उपादान (ग्रेच्यूटी)की राशि अधिकतम 10 लाख देने का विचार कबतक रखती है ?

---------

भवन का निर्माण

*752. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत पचरुखी थाना का अपना भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार पचरुखी थाना का भवन निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*753. श्रीमती पुनम देवी यादव--दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 12 फरवरी, 2012 को प्रकाशित ''कब्रिस्तान घेराबन्दी की रफ्तार धीमी'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 एवं वित्तीय वर्ष 2010-11 में 31 तथा 2011-12 सहित 74 कब्रिस्तानों की घेराबन्दी की योजनायें ली गई, जिसमें मात्र 25 प्रतिशत कब्रिस्तान की घेराबन्दी का कार्य सम्पन्न किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खगड़िया जिला में ली गई कब्रिस्तान घेराबन्दी कार्य पूरा करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मॉडल थाना बनाना

*754. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला सहित पूरे राज्य में अनुसूचित जाति/जन-जाति थाना को मॉडल थाना घोषित नहीं किया गया है, जिसके कारण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति से जुड़े मामलों की अनुश्रवण सही ढंग से नहीं हो पा रही है, यदि हां, तो क्या सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति थाना को मॉडल थाना बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

रिक्त पद को भरना

*755. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, मंत्रिमण्डल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि न्यायिक हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, मंत्रिमण्डल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना में निदेशक का पद विगत दस वर्षों से रिक्त है, यदि हां, तो सरकार उपर्युक्त पद कबतक भरने का विचार रखती है ?

---------

पुलिस चौकी का निर्माण

*756. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कटरा थाना क्षेत्राधीन सघन गाँवों में विधि व्यवस्था के नियंत्रण में प्रशासन को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार विधि व्यवस्था के नियंत्रण हेतु जजुआर गाँव में पुलिस चौकी के निर्माण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उप-कोषागार खोलना

*757. श्रीमती उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज अनुमण्डल की स्थापना वर्ष 1999 में हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि पालीगंज अनुमण्डल में उप-कोषागार नहीं है, जिसके कारण कोषागार से संबंधित कार्यों के लिए आम नागरिकों को पैंतालीस किलोमीटर दूर दानापुर जाना पड़ता है, जिस कारण नागरिकों को समय तथा आर्थिक क्षति उठाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पालीगंज अनुमण्डल मुख्यालय में उप-कोषागार खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

वाहन की व्यवस्था

*758. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला का राघोपुर प्रखण्ड पूर्णरूपेण गंगा और गंडक नदी से घिरा हुआ दियारा क्षेत्र है, जहां पर अधिकांश मकान लकड़ी/फूस के बने हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दियारा क्षेत्र में अग्नि-कांड होने पर सूचना के बावजूद हाजीपुर या पटना सिटी (पटना) से समय पर अग्नि-शामक वाहन नहीं पहुंच पाता है, जिससे वहां का प्रतिवर्ष सैंकड़ों घर जलकर राख होता है और लोग घर से बेघर होते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आग पर नियंत्रण के लिए राघोपुर के प्रखण्ड परिसर में अग्नि-शामक वाहन की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदों को भरना

* 759. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के काराओं के लिए कुल 57 कारा अधीक्षक के पद स्वीकृत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि अधीक्षक के उक्त 57 में से 28 पद प्रोन्नति से तथा 29 पद सीधी नियुक्ति से भरे जाने का प्रावधान है, परन्तु प्रोन्नति कोटा से अभी मात्र 4 अधीक्षक ही कार्यरत हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि ससमय प्रोन्नति नहीं दिये जाने के कारण प्रोन्नति कोटा के पद रिक्त हैं तथा प्रोन्नति दिये जाने हेतु प्रश्नकर्ता के द्वारा दिसम्बर, 2011 में ही कारा महानिरीक्षक को पत्र लिखा गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक प्रोन्नति देकर प्रोन्नत कोटा के काराधीक्षकों के पदों को भरने का विचार रखती है ?

---------

राइस मिल खोलना

*760. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमण्डल एक पिछड़ा क्षेत्र है और झारखंड राज्य का सीमावर्ती इलाका है;

(2) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी अनुमण्डल में राइस मिल एवं अन्य एक भी उद्योग सरकार द्वारा स्थापित नहीं की गयी है । जिसके कारण लोग रोजगार के तलाश के लिए अक्सर पलायन करते रहते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेरघाटी अनुमण्डल में उक्त राइस मिल स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चीनी मिल स्थापित करना

*761. डॉ0 दाउद अली अंसारी--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत नावानगर प्रखंड में बिहटा चीनी मिल का 400 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जो खाली भूमि के रूप में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भूमि पर चीनी मिल स्थापित करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उप-कोषागार खोलना

*762. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी अनुमंडल मुख्यालय में उप-कोषागार नहीं रहने के कारण आम लोगों को कार्य निष्पादन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार पटोरी अनुमंडल मुख्यालय में उप-कोषागार खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक?

----------

मुआवजा देना

*763. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''गरीबों से तंग माँ ने दो बेटियों को नदी में फेंका'' के आलोक में क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के कुशेश्वर स्थान पश्चिमी प्रखंड के सिगरी सिमराहा निवासी ललिता देवी, गरीबी से तंग आकर अपनी दो बेटियों को करेह नदी की उफनती तेज धारा में फेंक दी जिससे डूबने से दोनों की मौत हो गई;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

आवास का निर्माण

*764. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज अनुमंडल की स्थापना 10 अप्रील, 1990 को होने के बाद आजतक अनुमंडल पदाधिकारी का आवास का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हां, तो सरकार अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज के आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास का निर्माण

*765. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावां प्रखंड में अल्पसंख्यकों की आबादी काफी है;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावां प्रखंड में अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं है, जिससे गरीब अल्पसंख्यक छात्रों को पकरीवरावां में रहकर पढ़ाई करने में परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पकरीवरावां में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

आवंटन करना

*766. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गत पेराई वर्ष 2010-11 की तुलना में वर्तमान पेराई वर्ष 2011-12 में चीनी मिल क्षेत्रों में लगभग 30 से 35 प्रतिशत गन्ना रकवा में बढ़ोत्तरी हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के केसरिया, कल्याणपुर, कोटवा, पीपराकोठी, पकिया, मधुबनी, अरेराज, आदि प्रखंडों में पिछले लगभग 10 वर्षों से गोपालगंज जिला के चीनी मिलों यथा सिधवलिया, हरखुआ एवं सासामुसा द्वारा परिचालित किए गए क्रय केन्द्रों की संख्या वर्त्तमान पेराई वर्ष 2011-12 में लगभग पच्चास प्रतिशत कम कर दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि क्रय केन्द्रों की स्थापना एवं परिचालन में सरकार को कोई व्यय वहन नहीं करना पड़ता है;

(4) क्या यह बात सही है कि चीनी मिलों को प्रस्ताव के बावजूद गन्ना क्षेत्र में बढ़ोत्तरी के फलस्वरूप चीनी मिलों को क्रय केन्द्र का आवंटन नहीं किया गया है, यदि हां, तो सरकार क्रय केन्द्रों को आवंटन करना चाहती है ?

----------

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*767. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, निर्वाचन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने अपने पत्रांक 139, दिनांक 20 अगस्त, 2010 द्वारा विकास कुमार, अभिषेक राम एवं रीना देवी सहित 50 आदमियों का आवेदन संलग्न कर जिलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बेगूसराय को दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि मतदाता बुथ सं0 106, क्षेत्र सं0-मटिहानी 144 में वोटर लिस्ट गलत है । महिला मतदाता के सामने पुरुष मतदाता का फोटो है लड़का मतदाता के सामने बुढ़ी महिला का फोटो है के बावजूद भी पदाधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है । जिस कारण मतदाता अपने मत का प्रयोग नहीं कर सके;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मतदाता सूची में सुधार न करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*768. श्री (डॉ0) अरूण कुमार--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर की स्थापना 17 सितम्बर, 1992 में हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक उक्त अनुमंडल कार्यालय को अपना भवन नहीं रहने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्णय लेना

*769. श्री सुबोध राय—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 जनवरी, 2012 को प्रकाशित ''नये प्रखंड-अनुमंडल के लिए उप-समिति का पुनर्गठन'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि उप मुख्य मंत्री-सह-वित्त मंत्री की अध्यक्षता में राज्य में नये प्रखंडों एवं अनुमंडलों के निर्माण के लिए कमिटी का गठन किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि समिति के समक्ष 100 से अधिक प्रखंड एवं अनुमंडल खोलने का प्रस्ताव लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार समिति के पास लंबित प्रस्ताव पर निर्णय लेने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

आयोजन करना

*770. श्री राणा गंगेश्वर सिंह—क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के स्व० सत्यनारायण सिन्हा महान स्वतंत्रता सेनानी थे, भारत सरकार में लगातार पच्चीस वर्षों तक मंत्री रहे, दो बार मध्य प्रदेश के राज्यपाल रहे;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व० सिन्हा की पुण्य तिथि एवं जन्म तिथि सरकारी स्तर पर आयोजन कराने की मांग होती रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व० सत्यनारायण सिन्हा की जन्म एवं पुण्य तिथि को उनके पैतृक गांव एवं जिला मुख्यालय में आयोजन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आदेश देना

*771. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह—क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलाधिकारी सहित अन्य विभागीय पदाधिकारियों को जन प्रतिनिधियों द्वारा किये गये पत्राचार का प्रत्युत्तर देना आवश्यक है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा अनुमंडलाधिकारी, बेगूसराय को क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को लेकर पत्रांक 46, दिनांक 21 जून, 2011, 63, दिनांक 6 जुलाई, 2011, 62, दिनांक 28 अप्रील, 2011, 35, 23 मई, 2011, 37, दिनांक 11 जून, 2011 एवं 121, दिनांक 11 सितम्बर, 2011 सहित अनेकों पत्र लिखा गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित पत्रों का न तो कोई जवाब दिया गया, न ही कोई कार्रवाई की सूचना दी गई;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अनुमंडलाधिकारी, बेगूसराय को उक्त पत्रों के आलोक में कार्रवाई करने संबंधी आदेश देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

अ-*772. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत रून्नी सैदपुर प्रखंड में सूचना भवन नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में सूचना भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लीज देने का औचित्य

*773. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के रैयाम चीनी मिल को नौ करोड़ सतासी लाख रुपया में लीज पर दिया गया, जबकि मधुबनी जिला के सकरी चीनी मिल को अठारह करोड़ में लीज पर दिया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि सकरी चीनी मिल रैयाम चीनी मिल से बहुत ही छोटा है, जबकि रैयाम से दुगने मूल्य पर सकरी चीनी मिल को लीज पर दिया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

स्थापित करना

*774. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के तेघड़ा प्रखंड के पकठौल, नौनपुर, चिल्हाय पंचायत की थाना की दूरी 8 कि०मी० है तथा उक्त इलाके में माओवादी सक्रिय हैं, यदि हां, तो सरकार पकठौल चौक के पास थाना स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

*775. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड में अग्निशामक केन्द्र स्थापना नहीं की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि वजीरगंज प्रखंड 19 पंचायत वाली की एक बड़ी आबादी वाली प्रखंड है;

(3) क्या यह बात सही है कि वजीरगंज प्रखंड में अग्निशामक केन्द्र नहीं रहने के कारण आगजनी की घटनाओं को काबू पाने में कठिनाई होती है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वजीरगंज में अग्निशामक केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बैरक का निर्माण

*776. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली थाना कर्मियों के लिए आवासीय भवन एवं सिपाहियों के लिए बैरक नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना में आवासीय भवन एवं बैरक नहीं होने के कारण सरकारी कार्यों के निष्पादन में थाना कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त थाना में कर्मचारियों के लिए आवासीय भवन एवं आरक्षियों के लिए बैरक बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

''अ''-सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, को स्थानांतरित।

कम भुगतान करना

* 777. श्री विक्रम कुंवर-- क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान एवं गोपालगंज जिले के 744 गांवों प्रतापपुर चीनी मिल को (उत्तर प्रदेश) को 2009 से गन्ना खरीदने की जिम्मेवारी दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रतापपुर चीनी मिल जहां उत्तर प्रदेश के किसानों को प्रति क्विंटल 240 से 250 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान करता है वहीं बिहार के किसानों को 220 से 225 रु० भुगतान करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार के किसानों को कम भुगतान करने का क्या औचित्य है ?

-------

धागा उपलब्ध कराना

* 778. श्री वीरेन्द्र सिंह-- क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर के पटवा टोली के बुनकरों के लिए सस्ते दाम पर धागा विगत 25 वर्षों से नहीं किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि सस्ते दाम पर धागा उपलब्ध नहीं होने से बुनकरों को आर्थिक हानि होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बुनकरों के लिए सस्ते दाम पर धागा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

* 779. श्रीमती गुड्डी देवी-- क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखंड के कब्रिस्तान का घेराबंदी वर्ष 2010 में शुरू किया गया था लेकिन अभीतक कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

बैंक की शाखा खोलना

* 780. श्रीमती गुलजार देवी-- क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास अनुमंडल मुख्यालय में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा की स्थापना नहीं रहने से सरकारी कर्मी, व्यवसाय वर्ग एवं आम नागरिकों को काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1997-98 में वर्णित मुख्यालय में बैंक शाखा खोलने का निर्णय सरकार ने लिया है परन्तु आजतक अनुपालन नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार व्यवसाय वर्ग एवं आम नागरिकों की कठिनाई को देखते हुए उक्त अनुमंडल मुख्यालय में स्टेट बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ऋण देना

* 781. डॉ० अब्दुल गफूर-- क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा अर्थात तकनीकी, व्यावसायिक एवं मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने हेतु गरीब एवं मेधावी छात्रों को ऋण जो बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम द्वारा वर्ष 2006 में ही बंद कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ऋण प्राप्त करने के लिए 4255 आवेदन बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम में पिछले चार वर्षों से लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को ऋण देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों नहीं ?

--------

पलायन रोकना

* 782. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह-- हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 मई, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''दम तोड़ रहा होजियरी उद्योग, 200 कारखाने बंद'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि राज्य में दो सौ होजियरी उद्योग बंद हो गये हैं जिससे हजारों मजदूरों के सामने रोजी-रोटी के लाले पड़ गये हैं तथा वे मजदूर दूसरे राज्यों में रोजी-रोटी के लिए पलायन करने लगे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि होजियरी उद्योग की बदहाली के लिए प्रमुख कारण है बिहार राज्य में लगने वाला बिक्री-कर;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार होजियरी उद्योग को पुनर्जीवित करने तथा मजदूरों का पलायन रोकने हेतु कौन-सी विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास में रखना

* 783. डॉ० अब्दुल गफूर-- क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला मुख्यालय में निर्मित अल्पसंख्यक छात्रावास एक वर्ष से अधिक समय से बनकर तैयार है परन्तु अबतक अल्पसंख्यक छात्रों को नहीं रखा गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अल्पसंख्यक छात्रावास में अल्पसंख्यक छात्रों को रखना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

* 784. श्रीमती गुलजार देवी-- क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास अनुमंडल का सृजन वर्ष 1992 में होने के पश्चात आजतक कारा भवन का निर्माण नहीं होने से क्षमता से कई गुणा अधिक कैदी को झंझारपुर उप-कारा में रखा जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि क्षमता से अधिक कैदियों को झंझारपुर उप-कारा में रखने से कारा प्रशासन को अत्याधिक कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार फुलपरास अनुमंडल में कारा भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बैंक की शाखा खोलना

*785. श्री मनोहर प्रसाद सिंह-- क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत दुर्गापुर सुदूर स्थान में स्थित है, जहाँ बैंक की कोई सुविधा नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार दुर्गापुर में ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*786. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ थाना के ग्राम डोला टोला-बरैयाबिगहा निवासी रामवती देवी, पति-महेन्द्र मिस्त्री तथा राकेश मिस्त्री, पिता-महेन्द्र मिस्त्री की मृत्यु दिनांक 5 जनवरी, 2011 को 11000 वोल्ट तार के स्पर्शाघात से हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों मृतक का संबंध माँ-पुत्र का था, ये दोनों घर के कमाऊ सदस्य थे, इनके घर के सदस्य दाने-दाने को मोहताज हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवा नियमित करना

*787. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा बेलट्रॉन के माध्यम से डाटा इंट्री ऑपरेटर की सेवा विभागों में विगत दस वर्षों से सेवा ली जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उन्हें मानदेय के रूप में प्रतिमाह 7649 रु० मिलता है, जिसमें से बेलट्रॉन के द्वारा कटौती के उपरांत 6340 रु० प्रतिमाह भुगतान किया जाता है, जो चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के वेतन से भी आधा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आपरेटर सेवा नियमित करने पर विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिमा स्थापित करना

*788. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के तरियानी प्रखंड के तरियानी चौक पर प्रेम भिक्षु जी महाराज की प्रतिमा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का विचार रखती है ?

भवन का निर्माण

*789. श्री दुलालचन्द गोस्वामी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत बलरामपुर थाना तेलता ओ०पी०, सुधानी ओ०पी० तथा कचना ओ०पी० निजी भवन में संचालित हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित थाना एवं ओ०पी० का भवन निर्माण कराने हेतु कौन-सा विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण से मुक्त

*790. श्रीमती मनोरमा प्रसाद-- क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चंपारण जिला के नौतन प्रखंड मुख्यालय के पास रामजानकी मंदिर अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर के नाम से 2 एकड़ जमीन भी है, जिसे श्री राजदेव एवं अन्य धीरे-धीरे स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रामजानकी मंदिर के जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

थाना खोलना

*791. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी से कुर्सेला तक गंगा नदी में नाविक मछुआरों एवं नाव से नदी पार करने वाले लोगों के साथ लूट-पाट की घटना होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जगहों के गंगा नदी पर चलन्त थाना खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

वाहन की व्यवस्था

*792. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर एवं रोशन ओ०पी० में क्षतिग्रस्त वाहन रहने के कारण विधि-व्यवस्था रखने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार उक्त दोनों ओ०पी० में नये वाहन को देने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

* 793. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव अनुमंडल के मुरार थाना, नया भोजपुर ओ०पी० एवं वासदेवा ओ०पी० 10 वर्षों से निजी मकान में स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त थाना का अपना भवन नहीं रहने से हाजत, मालखाना एवं आरक्षी की बैठने की सुविधा नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त थानों (ओ०पी०) के लिए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक की शाखा खोलना

* 794. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत पंचायतों के किसानों एवं आम ग्रामीण नागरिकों को रुपये की जमा एवं निकासी के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता है जिससे उनमें असुरक्षा की भावना बनी रहती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लखीसराय के बड़हिया प्रखंड के खुरहा पश्चिम पाली एपनी पंचायतों में राष्ट्रीय बैंक शाखा खोलने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानांतरित करना

* 795. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत छोटी-बड़ी चटैया, खवासपुर, छोटी-बड़ी मोहनपुर, दखली, कहलगांव टोला, मौलटोला, टपुआ, एकचारी को नियंत्रित करने के लिए सबसे दक्षिणी-पश्चिमी छोर पर बुद्धचक में अस्थायी एकचारी सहायक थाना कार्यरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण गाँव खवासपुर इन सारे गाँवों के मध्य में पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एकचारी सहायक थाना को खवासपुर में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवा स्थायी करना

* 796. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सचिवालय एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों में बिहार राज्य इलेक्ट्रोनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि० (बेल्ट्रॉन) के माध्यम से संविदा पर 4000 कम्प्यूटर ऑपरेटरों का पदस्थापन हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह प्रक्रिया 1999 से शुरू होकर अबतक जारी है, जिसमें संविदा पर कार्यरत इन कर्मियों में से आधे से अधिक लोग अपनी उम्र सीमा पार कर चुके हैं और अन्यत्र किसी सरकारी सेवा में अब नियुक्ति योग्य उनकी उम्र नहीं बची है;

(3) क्या यह बात सही है कि मात्र साढ़े छः हजार रुपये का मासिक मानदेय प्राप्त करने वाले इन कर्मियों को कभी भी प्रतिमाह समय पर मानदेय का भुगतान नहीं होता है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संविदा पर पदस्थापित इन कम्प्यूटर ऑपरेटरों की सेवा स्थायी करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अग्निशामन यंत्र रखना

*797. श्री अमन कुमार—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड मुख्यालय में अग्निशामक यंत्र नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि किसी तरह की घटना में जिला मुख्यालय से अग्निशामक यंत्र को आने में 1 से 2 घंटा का समय लग जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरपैंती प्रखंड मुख्यालय में अग्निशामक यंत्र रखने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुक्ति दिलाना

*798. श्री विभापचन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कुर्सेला प्रखण्ड के अयोध्यागंज बाजार में बिहार सरकार की जमीन पर सार्वजनिक धर्मशाला अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धर्मशाला पर मुरली ठाकुर एवं रामनारायण यादव तथा अन्य द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में धर्मशाला को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रवृत्ति का भुगतान

*799. श्री महेन्द्र बैठा—क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति जिला मुख्यालय में दी जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि पातेपुर एवं मुख्यालय की दूरी 50 किलो मीटर है, जिसके कारण उक्त प्रखंड के छात्र-छात्राओं को जिला मुख्यालय में छात्रवृत्ति लेने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंड कार्यालय में छात्रवृत्ति भुगतान करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चीनी मिल खोलना

*800. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्र में क्षेत्र सहित पूरे जिला में गन्ना की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, जहां एक भी चीनी मिल नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार भोजपुर जिला के जगदीशपुर में चीनी मिल खोलने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अनुमंडल का दर्जा

*801. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मैरवा नगर अनुमंडल बनने की सारी अहर्ताएँ रखती हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मैरवा को अनुमंडल का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चीनी मिल लगाना

*802. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौड़ा, इसुआपुर, मशरक, पानापुर, तैरया अमनौर मकेर एवं अन्य प्रखंडों में काफी मात्रा में गन्ना का उत्पादन होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मढ़ौड़ा चीनी मिल बंद हो जाने के कारण किसानों एवं मजदूरों में काफी निराशा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों एवं मजदूरों के हित में बन्द पड़े मढ़ौड़ा चीनी मिल के स्थान पर नया चीनी मिल लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-कोषागार खोलना

*803. श्री दुलालचन्द गोस्वामी--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई अनुमंडल में उप-कोषागार नहीं रहने के कारण सरकारी काम-काज एवं जनहित के कार्यों में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में उप-कोषागार खोलने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*804. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज थाना का भवन काफी पुराना एवं जर्जर व्यवस्था में रहने के कारण बरसात के दिनों में छत से पानी चूता है, जिससे महत्वपूर्ण अभिलेख सहित अग्नेयास्त्र असुरक्षित हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त थाना को मॉडल थाना के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलिस चौकी का स्थापना

*805. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अपराधिक गति विधियों के कारण जन समुदाय के जान-माल की सुरक्षा हेतु कैमूर जिला के भभुआ प्रखंड के ग्राम मनिहारी में एक स्थायी पुलिस चौकी की स्थापना करने की आवश्यकता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में पुलिस चौकी स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्जीवित करना

*806. श्रीमती पुनम देवी यादव--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 फरवरी, 2012 को प्रकाशित कि ''खादी ग्रामोद्योग की संजीवनी की तलाश'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के गोगरी में खादी एवं हैण्डलूम के लिए नाथनगर सिल्कनगरी के तरह वर्ष 1990 तक ख्याति प्राप्त कुटीर उद्योग धंधा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कुटीर उद्योग मृतप्राय हो गया है, जिससे चरखा चलानेवाली, कतिन, बुनकर-मजदूर भूखमरी के कगार पर है ;

(3) यदि उपर्युक्त वर्णित खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त खादी ग्रामोद्योग को पुनर्जीवित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना
दिनांक 5 मार्च, 2012 (ई०)

लक्ष्मी कान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि०स०मु०(एल०ए०)120-डी०टी०पी0-450